मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 50] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 14 दिसम्बर 2012-अग्रहायण 23, शके 1934

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, विवाह पूर्व मेरा नाम कु.नीरज चतुर्वेदी पुत्री श्री चन्द्रभान चतुर्वेदी, शिवाजी कॉलोनी, ग्वालियर था. दिनांक 26 नवम्बर, 2011 में मेरा विवाह श्री विवेक कुमार दुबे पुत्र स्व. श्री कृपाराम दुबे, बिरलानगर, ग्वालियर से होने के उपरांत मुझे अब श्रीमती वैदेही दुबे पत्नी श्री विवेक कुमार दुबे के नाम से जाना एवं पहचाना जावे.

पुराना नाम :

(नीरज चतुर्वेदी)
पुत्री श्री चन्द्रभान चतुर्वेदी

नया नाम :

(वैदेही दुबे)
पत्नी श्री विवेक कुमार दुबे,
338, न्यू कॉलोनी नं. 1,
बिरलानगर, ग्वालियर (म. प्र.).

(218-बी.)

उपनाम में सुधार

मैं, मुकेश पिता रमेश विसावे, आयु 24 वर्ष, निवासी महात्मा गाँधी नगर, वार्ड क्रमांक 20, नेपानगर तहसील क्षेत्र में निवास करता हूँ. शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं, उपरोक्त पते पर अपने परिवार के साथ निवास करता हूँ. मेरे शाला अभिलेख में तथा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट अंकसूची में मेरे नाम के आगे मेरा उपनाम/सरनेम त्रुटीपूर्ण बिसावे (Bisawe) लिखा गया है. जबकि मेरा मूल एवं वास्तविक व सही उपनाम/सरनेम विसावे है.

यहकि मैं, अपने सभी दस्तावेजों में मेरा सही उपनाम/सरनेम विसावे (Visave) अंकित कराना चाहता हूँ. इस वास्ते उद्घोषण कर शासकीय गजट में प्रकाशित कराना चाहता हूँ.

पुराना नाम :

(मुकेश बिसावे)

नया नाम :

(मुकेश विसावे)
पिता रमेश विसावे,
नेपानगर, जिला-बुरहानपुर (म. प्र.).

(216-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, पूर्व में मेरा नाम जिगर मजमुन्दार पिता श्री मोहित मजमुन्दार था. अब मेरा नाम जयन्त मजमुन्दार पिता श्री मोहित मजमुन्दार हो गया है. अत: अब मुझे अब इसी नाम से जाना जावे.

पुराना नाम :

(जिगर मजमुन्दार)

(217-बी.)

नया नाम :

(जयन्त मजमुन्दार)

28, Royal Bungalow City,
Sukhliya, Indore (M. P.).

विविध

आयुक्तों तथा जिलाध्यक्षों की सूचनाएं

कार्यालय कलेक्टर, जिला होशंगाबाद

क्र./ /वित्त/ए.एफ.सी./26/2012.—श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश इन्दौर की पत्र क्रमांक 1/9/अन्वे/पांच/2010/37608-777, इन्दौर दिनांक 11 अक्टूबर, 2012 के अनुसार शासकीय दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों/कर्मचारियों हेतु दिनांक 1 अक्टूबर, 2012 से प्रभावशील दरें "अनुसूची (क)" के अनुसार अधिसूचित की गई है.

मध्यप्रदेश वित्त संहिता भाग-2 के परिशिष्ट-6 के नियम-43 के प्रावधानों के अन्तर्गत न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को दिनांक 01 अक्टूबर, 2012 से अनुसूची (क) के आधार पर निम्नानुसार दरें अधिसूचित की जाती हैं. तद्नुसार जिला होशंगाबाद के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों/कर्मचारियों के लिये परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें लागू होंगी.

अनुसूची (क)

शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक वेतन एवं दैनिक वेतन की दरें जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है. **(आंकड़े रुपयों में)**

श्रमिक वर्ग	न्यूनतम मूल वेतन		परिवर्तनशील महंगाई भत्ता		कुल वेतन		रुपये में राउण्ड-अप दैनिक दरें
	प्रतिमाह	प्रतिदिन	प्रतिमाह	प्रतिदिन	प्रतिमाह	प्रतिदिन	प्रतिदिन
1	2	3	4	5	6	7	8
अकुशल	3070.00	102.33	1875.00	62.50	4945.00	164.83	165.00
अर्धकुशल	3200.00	106.66	1875.00	62.50	5075.00	169.16	169.00
कुशल	3350.00	111.66	1875.00	62.50	5225.00	174.16	174.00

इसके अतिरिक्त कृषि श्रमिकों के लिये अनुसूची "द" निम्नानुसार है :—

अनुसूची-द

कृषि में नियोजन

मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है **(आंकड़े रुपयों में)**

श्रमिक वर्ग	न्यूनतम मूल वेतन		परिवर्तनशील महंगाई भत्ता		कुल वेतन		रुपये में राउंड-अप दैनिक दरें
	प्रतिमाह	प्रतिदिन	प्रतिमाह	प्रतिदिन	प्रतिमाह	प्रतिदिन	प्रतिदिन
1	2	3	4	5	6	7	8
अकुशल कृषि श्रमिक	2550.00	85.00	1416.00	47.20	3966.00	132.20	132.00

राहुल जैन,
कलेक्टर.

(605)

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, मुरार, ग्वालियर

ग्वालियर, दिनांक 20 नवम्बर, 2012

प्र. क्र. 01/2012-13/बी-113 (1).

प्रारूप-4

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 की 30) की धारा-5 की उपधारा (2) और

मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिए]

श्री केदार प्रसाद पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा, निवासी—किचलू साहब का बाड़ा, बारादरी, अध्यक्ष सनाढय सभा, मुरार, मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 की 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिये आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 06 दिसम्बर, 2012 को विचार के लिये दिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उस बारे में कोई आपत्तियां करने या सुझाव देने पर विचार रखता हो तो उसे इस सूचना को लोक न्यास को दे जिसका कि वह गठन करती है.

अत: मैं, पंजीयक, लोक न्यास अनुविभागीय, ग्वालियर लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 06 दिसम्बर, 2012 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) में द्वारा यह अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाली और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता तथा सम्पत्ति का वर्णन)

1. लोक न्यास का नाम और पता	. .	श्री केदार प्रसाद पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा, निवासी—किचलू साहब का बाड़ा, बारादरी, अध्यक्ष सनाढय सभा, मुरार
लोक न्यास की सम्पत्ति का वर्णन—		
2. चल सम्पत्ति	. .	निल
3. अचल सम्पत्ति	. .	निल

(601)

प्र. क्र. 01/2011-12/बी-113 (1).

ग्वालियर, दिनांक 22 नवम्बर, 2012

प्रारूप-4

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 की 30) की धारा-5 की उपधारा (2)

और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिए]

"श्री अशोक कुमार निगम पुत्र कृष्ण प्रसाद निगम, मुख्य प्रबन्ध न्यासी/अध्यक्ष" श्रीमती आभा निगम चैरिटेबल ट्रस्ट, निवासी—प्लॉट नम्बर 131-133, ब्लॉक ई, हरीशंकरपुरम, ग्वालियर द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 की 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिये आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 20 दिसम्बर, 2012 को विचार के लिये दिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उस बारे में कोई आपत्तियां करने या सुझाव देने पर विचार रखता हो तो उसे इस सूचना को लोक न्यास को दे जिसका कि वह गठन करती है.

अत: मैं, पंजीयक, लोक न्यास अनुविभागीय, ग्वालियर लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 20 दिसम्बर, 2012 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) में द्वारा यह अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाली और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता तथा सम्पत्ति का वर्णन)

1. लोक न्यास का नाम और पता . . "श्री अशोक कुमार निगम पुत्र कृष्ण प्रसाद निगम, मुख्य प्रबन्ध न्यासी/अध्यक्ष" श्रीमती आभा निगम चैरिटेबल ट्रस्ट, निवासी—प्लॉट नम्बर 131-133, ब्लॉक ई, हरीशंकरपुरम, ग्वालियर

लोक न्यास की सम्पत्ति का वर्णन—

2. चल सम्पत्ति . . 88,000/-रुपये

3. अचल सम्पत्ति . . ग्राम-जडेरूआ कलां की भूमि सर्वे क्रमांक-21, 23, 24 में से रकबा 0.094 हेक्टेयर अर्थात् 9 विस्वा भूमि.

अजय देव शर्मा,
पंजीयक.

(601-A)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पंजीयक, लोक न्यास, खरगोन

प्र. क्र. 01/बी-113 (1)/12-13.

फॉर्म-4

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (क्रमांक 30-1951) की धारा-5 (2) एवं मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट रूल्स 1952 के नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

समक्षः- पंजीयक, लोक न्यास, खरगोन.

चूँकि प्रार्थी ट्रस्टी श्याम सुन्दर महाजन द्वारा हरे कृष्णा इन एवरी टाऊन एण्ड विलेट ट्रस्ट के पंजीयन हेतु पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (क्रमांक 30-1951) की धारा-4 के अन्तर्गत निम्न अनुसूची में दर्शित चल-अचल सम्पत्ति हेतु आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र पर इस न्यायालय में विचार किया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट अथवा संपत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सलाह प्रस्तुत करना चाहता हो, वह इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर दो प्रतियों में लिखित में मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करें तथा उपस्थित रहें. निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

अ. क्र.	नाम वस्तु	विवरण	वजन तथा नग	अनुमानित कीमत/मूल्यांकन
1.	नगद . .			रुपये 50,000/-
2.	अचल सम्पत्ति . .	—	—	—

कैलाश बुन्देला,
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पंजीयक.

(602)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, अनुभाग, सीहोर

प्र. क्र. 02/बी-113 (1)/2012-13.

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5 (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम-5 (1) द्वारा]

1. श्री राकेश राय आ. स्व. श्री गेंदालाल राय,
2. श्री सुदेश राय आ. स्व. श्री गेंदालाल राय,
3. श्री अखलेश राय आ. स्व. श्री गेंदालाल राय,
4. श्रीमती अरूणा राय पत्नि श्री सुदेश राय,
5. श्रीमती नमिता राय पत्नि श्री अखलेश राय,
6. श्रीमती रोमनी राय पत्नि श्री राकेश राय

समस्त निवासीगण राय, विला जंगली अहाता, सीहोर, तहसील व जिला सीहोर.

..... आवेदकगण

विरुद्ध

1. मध्यप्रदेश शासन
2. सर्व-साधारण .....अनावेदकगण

उद्घोषणा-पत्र

एतद्द्वारा सर्व- साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि क्रिसेन्ट चैरिटेबल फाउण्डेशन ट्रस्ट राय विला जंगली अहाता सीहोर द्वारा

ट्रस्टीगण राकेश राय आ. स्व.श्री गेंदालाल राय आदि निवासीगण राय विला जंगली अहाता तहसील व जिला सीहोर द्वारा इस न्यायालय के प्रकरण क्र.02/बी-113 (1)/ 1908-09, पारित आदेश दिनांक 10 नवम्बर,2009 से सीहोर में क्रिसेन्ट चैरिटेबल फाउण्डेशन ट्रस्ट राय विला सीहोर में निम्नानुसार ट्रस्टीगण के नाम जोड़े जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है. ट्रस्ट का उद्देश्य शिक्षा, चिकित्सा, जाति समुदाय, धर्म अथवा भाषा के भेदभाव के बगैर सुविधा उपलब्ध कराना इत्यादि होना बताया गया है. उक्त ट्रस्ट में निम्नानुसार आवेदकगण के नाम आवेदन-पत्र प्रस्तुत करते समय त्रुटिवश छूट गये थे जिन्हें ट्रस्ट प्रकरण क्र. 02/बी-113 (1)/08-09 में जोड़े जाने का अनुरोध किया गया है.—

1. श्री रांझा राय आ. राकेश राय
2. श्री निलेश राय आ. स्व. श्री गेंदालाल राय
3. श्रीमती सुषमा राय पत्नि निलेश राय तीनों निवासीगण ऑल्ड क्रिसेन्ट के पीछे इंदौर-भोपाल रोड, जंगली अहाता, भोपाल रोड राय विला सीहोर.

उक्त आवेदन-पत्र के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 31 जनवरी, 2013 को सुनवाई हेतु तिथि नियत की गई है. उक्त संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह उद्घोषणा के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात 30 दिवस के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक, अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं. निश्चित अवधि उपरांत प्राप्त होने वाली आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जा सकेगा.

आज दिनांक नवम्बर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

हृदयेश श्रीवास्तव,
पंजीयक.

(603)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, ब्यावरा, जिला राजगढ़

दिनांक 12 नवम्बर, 2012

प्रारूप क्र.-चार

[देखिए नियम-5 (1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 के नियम-5 (1) के द्वारा]

लोक न्यास के पंजीयक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ब्यावरा, जिला राजगढ़ के समक्ष

यहकि श्री दिलवार यादव पिता श्री हजारीलाल यादव, निवासी ब्यावरा, तहसील ब्यावरा ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अन्तर्गत एक आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिये लोक न्याय के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए आवेदन किया है, एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर 30 जनवरी,2013 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जावेगा.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिये और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश:अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम	. .	माधव स्मृति न्यास, ब्यावरा
2.	चल सम्पत्ति	. .	11,100/-रुपये
3.	अचल सम्पत्ति	. .	ग्राम बख्तपुरा में 6 वर्ष पुराना 2500 वर्गफुट भूमि पर बना भवन कीमत 10,00,000/-

नीता राठोर,
पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी.

(604)

अन्य सूचनाएं

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी समितियाँ, जिला अलीराजपुर

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/444.—आम्बुआ मार्बल औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, आम्बुआ जिसका कि पंजीयन क्रमांक 348, दिनांक 28 फरवरी, 1992 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/368, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए आम्बुआ मार्बल औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, आम्बुआ जिसका कि पंजीयन क्रमांक 348, दिनांक 28 फरवरी,1992 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री एम. एल. सूर्यवंशी, अंकेक्षण अधिकारी को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/445.—रेत खादान सहकारी समिति मर्यादित, राजावाट, जिसका कि पंजीयन क्रमांक 735, दिनांक 14 दिसम्बर, 1992 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/369, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए रेत खादान सहकारी समिति मर्यादित, राजावाट, जिसका कि पंजीयन क्रमांक 735, दिनांक 14 दिसम्बर,1992 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री ओ.पी. यादव, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-A)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/446.—गिट्टी निर्माण औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, छोटीबेगलगांव जिसका कि पंजीयन क्रमांक 731, दिनांक 14 दिसम्बर,1992 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/370, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अतः मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए गिट्टी निर्माण औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, छोटीबेगलगांव, जिसका कि पंजीयन क्रमांक 731, दिनांक 14 दिसम्बर,1992 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री बी. एस. सोंलकी, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-B)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/447.—श्री गणेश ईंट-भट्टा प्राथ. औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, बेहडवा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 971, दिनांक 01 जून, 2002 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/371, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अतः मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए श्री गणेश ईंट-भट्टा प्राथ. औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, बेहडवा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 971, दिनांक 01 जून, 2002 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री श्याम छत्तरी, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-C)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/448.—शहीद चन्द्रशेखर आजाद बहु. सहकारी समिति मर्यादित, भाबरा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1000, दिनांक 29 मार्च, 2006 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/372, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अतः मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए शहीद चन्द्रशेखर आजाद बहु. सहकारी समिति मर्यादित, भाबरा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1000, दिनांक 29 मार्च, 2006 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री कमल सिंह गार्डे, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-D)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/449.—चारभुजा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित, अलीराजपुर जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1017, दिनांक 16 मई, 2007 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/373, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए चारभुजा प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित, अलीराजपुर जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1017, दिनांक 16 मई, 2007 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री आर. के. वासन्दे, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-E)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/450.—आजाद मुर्गीपालन सहकारी समिति मर्यादित, बडागुडा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1028, दिनांक 08 अगस्त, 2008 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/374, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए आजाद मुर्गीपालन सहकारी समिति मर्यादित, बडागुडा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1028, दिनांक 08 अगस्त, 2008 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री विजय उपरीत, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं, एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमाप्पन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-F)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/451.—माँ अम्बिका महिला औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, पलासदा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1034, दिनांक 28 फरवरी, 2009 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/375, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए माँ अम्बिका महिला औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, पलासदा जिसका कि

पंजीयन क्रमांक 1034, दिनांक 28 फरवरी, 2009 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री व्हाय.एस. वाघेला, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-G)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/452.—आजाद ताडी गुड उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित, भीलखेडी (जोबट) जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1025, दिनांक 31 जनवरी,2008 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/376, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए आजाद ताडी गुड उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित, भीलखेडी (जोबट) जिसका कि पंजीयन क्रमांक 1025, दिनांक 31 जनवरी,2008 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री सुरेन्द्रसिंह चौहन, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-H)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/453.—रेत खदान औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, खूटाजा जिसका कि पंजीयन क्रमांक 925, दिनांक 23 फरवरी, 1996 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/377, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए रेत खदान औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित, खूटाजा, जिसका कि पंजीयन क्रमांक 925, दिनांक 23 फरवरी,1996 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री आई. डी. सर्राफ, उप-अंकेक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-I)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/454.—रेत खदान सहकारी समिति मर्यादित, उमराली जिसका कि पंजीयन क्रमांक 784, दिनांक 05 मार्च,1993 है, को

परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/378, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए रेत खदान सहकारी समिति मर्यादित, उमराली जिसका कि पंजीयन क्रमांक 784, दिनांक 05 मार्च,1993 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री आई. डी. सर्राफ, उप-अंकेक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं, एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

(606-J)

अलीराजपुर, दिनांक 18 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/455.—रेत खदान सहकारी समिति मर्यादित, सेजगांव जिसका कि पंजीयन क्रमांक 733, दिनांक 14 दिसम्बर,1992 है, को परिसमापन में क्यों न लाया जावे, इस हेतु कार्यालयीन कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2011/379, दिनांक 13 अप्रैल, 2011 को दिया गया था तथा इसका जवाब देने के लिए 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. इस समयावधि में संस्था से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ एवं मेरे मत से संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, बबलू सातनकर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं, अधिनियम, 1960 की धारा-69 जिसके अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-15-1-99-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए रेत खदान सहकारी समिति मर्यादित, सेजगांव जिसका कि पंजीयन क्रमांक 733, दिनांक 14 दिसम्बर,1992 को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री विजय उपरीत, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूं एवं निर्देशित करता हूँ कि परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रता से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा सहित जारी किये गये.

बबलू सातनकर,
उप पंजीयक.

(606-K)

कार्यालय उप-आयुक्त, सहकारिता, जिला इन्दौर

(मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाऐं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत)

मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत शुभ-लाभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर जिसका पंजीयन क्रमांक/डी.आर./आय.डी.आर./807, दिनांक 29 मई, 2001 है, संस्था द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत कार्यालय को एक आवेदन ठहराव प्रस्ताव सहित प्रस्तुत कर संस्था को परिसमापन में लाये जाने का निवेदन किया गया है. जिसका परीक्षण आदेश क्र./परिसमापन/12/4169, दिनांक 04 अक्टूबर, 2012 से परीक्षण अधिकारी द्वारा कराया गया जिसमें परीक्षण अधिकारी द्वारा संस्था का उद्देश्य पूर्ण होना बताया गया है.इसका स्पष्ट तात्पर्य है कि संस्था अकार्यशील है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, जगदीश कनोज, उप रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थायें, जिला इन्दौर शुभ-लाभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर को तत्काल प्रभाव से परिसमापन में लाने का आदेश देता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री के. एल. कोरी, व. स. नि. को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 31 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

जगदीश कनोज,
उप रजिस्ट्रार.

(607)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा

विदिशा, दिनांक 06 नवम्बर, 2012

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/परिसमापन/1992/1541/विदिशा, दिनांक 25 जून, 1992 से आदिवासी कामगार एवं कारीगरों की सहकारी संस्था मर्यादित, चौपड़ा, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा जिसका पंजीयन क्रमांक/ए. आर./व्ही. डी. एस./245, दिनांक 04 दिसम्बर, 1982 को परिसमापन में लाया जाकर श्री आर. के. सोनी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखंड ग्यारसपुर को संस्था का समापक नियुक्त किया गया था.

समापक द्वारा कामगार एवं कारीगरों की सहकारी संस्था मर्यादित, चौपड़ा, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा की परिसमापन की कार्यवाही पूर्ण कर संस्था का अन्तिम प्रतिवेदन संस्था का पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया है.

मैं, समापक के द्वारा की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-एक-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये आदिवासी कामगार एवं कारीगरों की सहकारी संस्था मर्यादित, चौपड़ा, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा जिसका पंजीयन क्रमांक/ए. आर./व्ही. डी. एस./245, दिनांक 04 दिसम्बर, 1982 का पंजीयन निरस्त करते हुए उसका निगम निकाय (बॉडी-कार्पोरेट) इस आदेश दिनांक से समाप्त करता हूं.

यह आदेश आज दिनांक 06 नवम्बर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(608)

विदिशा, दिनांक 07 नवम्बर, 2012

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/परिसमापन/2001/1882/विदिशा, दिनांक 29 अक्टूबर, 2001 से तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, ग्यारसपुर, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा जिसका पंजीयन क्रमांक/ए. आर./व्ही. डी. एस./283, दिनांक 31 अक्टूबर, 1986 को परिसमापन में लाया जाकर श्री आर. के. सोनी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखंड ग्यारसपुर को संस्था का समापक नियुक्त किया गया था.

समापक द्वारा तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, ग्यारसपुर, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा की परिसमापन की कार्यवाही पूर्ण कर संस्था का अन्तिम प्रतिवेदन संस्था का पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया है.

मैं, समापक के द्वारा की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-एक-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, ग्यारसपुर, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा जिसका पंजीयन क्रमांक/ए. आर./व्ही. डी. एस./283, दिनांक 31 अक्टूबर, 1986 का पंजीयन निरस्त करते हुए उसका निगम निकाय (बॉडी-कार्पोरेट) इस आदेश दिनांक से समाप्त करता हूं.

यह आदेश आज दिनांक 07 नवम्बर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

भूपेन्द्र प्रताप सिंह,
उप पंजीयक.

(608-A)

कार्यालय परिसमापक रातातलाई, दुग्ध सह. समिति मर्या.,रातातलाई, तहसील बागली, जिला देवास

दिनांक 20 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं नियम, 1962 की नियम 57 (ग) के अन्तर्गत]

क्र./क्यू.—रातातलाई सहकारी दुग्ध संस्था मर्या., रातातलाई, तहसील बागली, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 1064,

दिनांक 30 मई, 2003 है को उप-आयुक्त सहकारिता एवं उप-पंजीयक सह. संस्थाएं, जिला देवास के आदेश क्र. 1409, दिनांक 25 मई, 2012 के द्वारा मध्यप्रदेश सह. सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है..

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम क. 57 (ग) के अन्तर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरूद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दिनांक से 2 माह के अन्दर मय प्रमाण के यदि हो तो मुझे लिखित में प्रस्तुत कर सकतें है. त्रूटी की दशा में साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने के दायित्ताधीन होंगे. यदि 2 माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया है तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नहीं किया जावेगा एवं संस्था की लेखापुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 20 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(609)

कार्यालय परिसमापक चैनपुरा, दुग्ध सह. संस्था मर्या.,चैनपुरा, तहसील बागली, जिला देवास

दिनांक 20 अक्टूबर, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं नियम, 1962 की नियम 57 (ग) के अन्तर्गत]

क्र./क्यू.—चैनपुरा सहकारी दुग्ध संस्था मर्या., चैनपुरा, तहसील बागली, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 210, दिनांक 01 मार्च, 1980 है को उप-आयुक्त सहकारिता एवं उप-पंजीयक सह. संस्थाएं, जिला देवास के आदेश क्र. 134, दिनांक 10 जनवरी, 2012 के द्वारा मध्यप्रदेश सह. सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम क. 57 (ग) के अन्तर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरूद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दिनांक से 2 माह के अन्दर मय प्रमाण के यदि हो तो मुझे लिखित में प्रस्तुत कर सकतें है. त्रूटी की दशा में साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने के दायित्ताधीन होंगे. यदि 2 माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया है तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नहीं किया जावेगा एवं संस्था की लेखापुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 20 अक्टूबर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

जी.एस. जैन,
परिसमापक.

(609-A)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) एवं धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

स्टैट बैंक ऑफ इन्दौर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्वालियर जिसका पंजीयम क्रमांक/डी. आर./जी. डब्ल्यू. आर./73, दिनांक 13 दिसम्बर, 1978 है. प्राधिकृत अधिकारी श्री ..... सहकारी निरीक्षक/वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, ग्वालियर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन दिनांक ..... के माध्यम से संस्था की कार्यप्रणाली के संबंध में निम्नानुसार अनियमितताएं संज्ञान में आईं.—

